http://www.uouonline.com

19/1 Roll No. …………………..

# MAHL–203

## भाषा विज्ञान एवं हिन्दी भाषा

M. A. Hindi (MAHL–12/16/17)

Second Year, Examination, 2017

**Time : 3 Hours** **Max. Marks : 80**

नोट : यह प्रश्न पत्र अस्सी (80) अंकों का है जो तीन (03) खण्डों 'क', 'ख' तथा 'ग' में विभाजित है। शिक्षार्थियों को इन खण्डों में दिए गए विस्तृत निर्देशों के अनुसार ही प्रश्नों के उत्तर देने हैं।

### खण्ड–क

(दीर्घ उत्तरीय प्रश्न)

नोट : खण्ड 'क' में चार (04) दीर्घ उत्तरीय प्रश्न दिये गये हैं। प्रत्येक प्रश्न के लिए उन्नीस (19) अंक निर्धारित हैं। शिक्षार्थियों को इनमें से केवल दो (02) प्रश्नों के उत्तर देने हैं।

1. देवनागरी लिपि के ऐतिहासिक विकास को समझाते हुए इसके महत्त्व बताइए।
2. ध्वनि विज्ञान से आप क्या समझते हैं ? सविस्तार विश्लेषण कीजिए।
3. प्रयोजनमूलक हिन्दी के स्वरूप एवं प्रयोग पर एक विस्तृत निबन्ध लिखिए।
4. हिन्दी भाषा के उद्भव एवं विकास पर सविस्तार प्रकाश डालिए।



http://www.uouonline.com

http://www.uouonline.com



## खण्ड–ख

### (लघु उत्तरीय प्रश्न)

नोट : खण्ड 'ख' में आठ (08) लघु उत्तरीय प्रश्न दिये गये हैं। प्रत्येक प्रश्न के लिए आठ (08) अंक निर्धारित हैं। शिक्षार्थियों को इनमें से केवल चार (04) प्रश्नों के उत्तर देने हैं।

1. लिपि और भाषा के अंतर्संबंध को अपने शब्दों में लिखिए।
2. भाषा और बोली के अन्तर्सम्बन्धों पर प्रकाश डालिए।
3. तद्भव एवं तत्सम शब्दों से आप क्या समझते हैं ? सोदाहरण स्पष्ट कीजिए।
4. संविधान और हिन्दी भाषा पर एक संक्षिप्त टिप्पणी लिखिए।
5. हिन्दी और उर्दू के प्रश्न पर संक्षिप्त टिप्पणी लिखिए।
6. ध्वनि के वाग्वयवों का सचित्र वर्णन कीजिए।
7. प्रयोजनमूलक हिन्दी पर एक संक्षिप्त टिप्पणी लिखिए।
8. रूपिम के प्रकार्य समझाइए।

## खण्ड–ग

### (वस्तुनिष्ठ प्रश्न)

नोट : खण्ड 'ग' में दस (10) वस्तुनिष्ठ प्रश्न दिये गये हैं। प्रत्येक प्रश्न के लिए एक (01) अंक निर्धारित है। इस खण्ड के सभी प्रश्न अनिवार्य हैं।

1. हिन्दी भाषा के विकासक्रम को कितने भागों में बाँटा गया है ?
2. हिन्दी भाषा के आधुनिक काल का प्रारम्भ कब से माना जाता है ?



http://www.uouonline.com

http://www.uouonline.com



3. निम्नलिखित विलोम शब्द लिखिए :

   (अ) पश्चात

   (ब) पुरातन

   (स) विराग

4. 'अष्टाध्यायी' किसकी रचना है ?
5. 'संज्ञा' के कितने भेद माने जाते हैं ?
6. निम्नलिखित विशेषणों की भाववाचक संज्ञा लिखिए :

   (अ) ठंडा

   (ब) कमजोर

   (स) स्वाधीन

7. 'मेरे को जाना है' प्रस्तुत वाक्य को शुद्ध कीजिए।
8. 'चाय एवं लीची' किस भाषा के शब्द हैं ?
9. हिन्दी की बोलियों की संख्या बताइए।
10. अवधी हिन्दी की किस उपभाषा के अंतर्गत मानी जाती है ?



http://www.uouonline.com